**Need to ensure adequate supply of DAP and Urea to farmers in Jhansi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid**

श्री अनुराग शर्मा **(झाँसी) :**मैं अपने संसदीय क्षेत्र झाँसी-ललितपुर के किसानों की ओर से एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूँ । हमारे क्षेत्र के गाँव?जैसे बबीना, गरौठा, मऊरानीपुर, बरुआसागर, महरौनी, जाखलौन, तालबेहट एवं बानपुर, बंगरा, देवगढ़ आदि में किसान रबी व खरीफ की फसलों के लिए परिश्रम करते हैं, परंतु डीएपी और यूरिया खाद की समय पर आपूर्ति न होने से उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । झाँसी में रबी मौसम में लगभग 2.1 लाख हेक्टेयर और ललितपुर में 2.3 लाख हेक्टेयर में खेती होती है, लेकिन खाद की मांग और आपूर्ति में हजारों मीट्रिक टन का अंतर है । कई ग्रामों में किसान घंटों लाइन में लगते हैं, फिर भी खाली हाथ लौटते हैं । इसलिए, मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि: 1. बुंदेलखंड के लिए खाद की विशेष अग्रिम आपूर्ति योजना बनाई जाए । 2. सहकारी समितियों को डिजिटल निगरानी के तहत लाया जाए । 3. खाद वितरण में कालाबाज़ारी पर कड़ी कार्यवाही की जाए । यह किसान सम्मान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आवश्यक कदम होगा ।